आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 29.06.2025 समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- राज्य के विभिन्न हिस्सों में कल रात से मध्यम से तेज बारिश का दौर जारी, देहरादून, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, नैनीताल, चम्पावत और उधमसिंह नगर में आज और कल भारी बारिश का रेड अलर्ट।
- बाढ़ और जलभराव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर, नैनीताल और चम्पावत में कल मॉक ड्रिल कराई जाएगी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- उत्तराखंड के पहले खेल विश्वविद्यालय मानसखंड स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में पहले वर्ष छह करियर उन्मुख कोर्स संचालित किये जाएंगे।

**मौसम**

राज्य के विभिन्न हिस्सों में कल रात से लगातार बारिश हो रही है। इससे मैदानी हिस्सों में कई स्थानों पर जलजमाव की समस्या हुई है, जबकि पर्वतीय इलाकों में भूस्खलन के कारण कुछ स्थानों पर आवागमन प्रभावित हुआ है। इस बीच, मौसम विभाग ने आज और कल देहरादून, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, नैनीताल, चम्पावत और उधमसिंह नगर जिले में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। इसके मद्देनज़र आम लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

वहीं, आज राज्य के विभिन्न स्थानों में पीसीएस की परीक्षा आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने छात्रों से मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए समय पर परीक्षा केंद्रों में पहुंचने की अपील की है। श्री धामी ने कहा कि सरकार स्थिति पर नज़र बनाए हुए है और स्थानीय प्रशासन को हर सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

**अतिवृश्टि**

अभी अभी प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तरकाशी जिले की बड़कोट तहसील में सिलाई बैंड के पास अतिवृष्टि के कारण आठ से नौ श्रमिक लापता बताए जा रहे हैं। राज्य आपदा मोचन बल, पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद है और राहत और बचाव अभियान चला रही है।

## मॉक ड्रिल

राज्य के मैदानी क्षेत्रों में संभावित बाढ़ और जलभराव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कल देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर, नैनीताल और चम्पावत में मॉक ड्रिल कराई जाएगी। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में कल इस मॉक ड्रिल की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा सामान्य से अधिक बारिश का पूर्वानुमान जताया गया है, ऐसे में बाढ़ और जलभराव से निपटने के लिए पूर्व तैयारी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य विभागों के बीच समन्वय बढ़ाना, संसाधनों के बेहतर उपयोग की रणनीति बनाना और आपदा के समय त्वरित निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना है।

उन्होंने बताया कि इस मॉक ड्रिल का आयोजन घटना प्रतिक्रिया प्रणाली (आईआरएस) के तहत किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सभी अधिकारियों की भूमिकाएं स्पष्ट की गई हैं। प्रदेशभर में इस प्रणाली के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, सभी जिलों को तहसील स्तर तक टास्क फोर्स गठित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि राहत, बचाव और पुनर्निर्माण से जुड़े कार्य सुचारु रूप से हो सकें।

## तैयारियां

प्रदेश में मानसून सीजन के दौरान बाढ़ और जलभराव की आशंका को देखते हुए सिंचाई विभाग ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि 15 जून से 15 अक्टूबर तक की मानसून अवधि के लिए हर जिले के नोडल खंड में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिए गए हैं। इनकी जिम्मेदारी संबंधित खंड के अधिशासी अभियंता को दी गई है। इसके अलावा देहरादून स्थित सिंचाई खंड परिसर में चौबीस घंटे केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष संचालित किया जा रहा है, जिसका संपर्क नंबर 9 4 1 1 5 5 4 6 5 8 है।

बाढ़ से संबंधित सूचनाओं के आदान–प्रदान के लिए राज्य और जिला स्तरीय अधिकारियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है, जिसमें सभी अधिकारी मोबाइल पर 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे।

राज्य में अब तक 113 बाढ़ चौकियां स्थापित की जा चुकी हैं, जबकि 304 संवेदनशील स्थलों की पहचान कर ली गई है। सिंचाई विभाग के अधीन संवेदनशील ड्रेनों की सफाई मानसून से पहले पूरी कर दी गई है। प्रमुख नदियों के जलस्तर की नियमित निगरानी की जा रही है और सभी जलाशयों व बांधों पर सतत नजर रखी जा रही है।

आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक स्थलों पर बोल्डर, आरबीएम और रेत का भंडारण किया गया है। साथ ही सभी बैराजों और जलाशयों पर सायरन लगाए गए हैं, ताकि किसी भी संभावित घटना की सूचना डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में तुरंत दी जा सके।

## बाल मृत्यु दर कमी

भारत ने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में वैश्विक स्तर पर 61 प्रतिशत की तुलना में 78 प्रतिशत की कमी दर्ज की है। संयुक्त राष्ट्र बाल मृत्यु दर अनुमान रिपोर्ट 2024 के अनुसार, नवजात मृत्यु दर में भी वैश्विक स्तर पर 54 प्रतिशत की तुलना में, 70 प्रतिशत की कमी आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारत ने टीकाकरण में सुधार पर निरंतर ध्यान देने के साथ, वंचित आबादी तक पहुँचने के लिए एक सक्रिय और समावेशी दृष्टिकोण अपनाया है। एक रिपोर्ट–

## राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप 2025

खेल मंत्री रेखा आर्या ने हरिद्वार के प्रेम नगर आश्रम सभागार में पहली यूथ अंडर–18 राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप 2025 का उद्‌घाटन किया। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग की 27 और बालिका वर्ग की 26 टीमें विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से हिस्सा ले रही हैं।

इस मौके पर खेल मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड अब हर सप्ताह एक या दो राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं की मेज़बानी कर रहा है, जो दर्शाता है कि राज्य तेज़ी से "खेल भूमि" के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को खेलों में भी एक सुपर पावर बनाना है और उत्तराखंड इसमें अहम भूमिका निभाएगा।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 123वां एपिसोड होगा।

इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, और न्यूज़ऑनएयर ऐप पर किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में यह कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

## खेल विकास

उत्तराखंड के पहले खेल विश्वविद्यालय मानसखंड स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में पहले वर्ष छह करियर उन्मुख कोर्सों के साथ शुरुआत की जाएगी। खेल निदेशालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में खेल मंत्री रेखा आर्या ने निर्देश दिए कि देश की पांच से छह प्रमुख स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के कोर्स और सिलेबस का अध्ययन कर उत्तराखंड के लिए सर्वश्रेष्ठ पाठ्यक्रम चुने जाएं। उन्होंने कहा कि आगामी 29 अगस्त को खेल दिवस के दिन विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए सभी तैयारियां समय से पूरी की जाएं।

बैठक के दौरान राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेता खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न नौकरी देने के लिए पद सृजित करने की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए।

**समापन व शुभारम्भ**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने देहरादून स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम के हिमाद्री आइस रिंक में 20वीं नेशनल शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप का समापन और आइस फिगर स्केटिंग नेशनल चौंपियनशिप–2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर देशभर से आए खिलाड़ियों ने शानदार आइस स्केटिंग प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

राज्यपाल ने खिलाड़ियों का उत्तराखंड में स्वागत करते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि देश के कोने–कोने से खिलाड़ियों की भागीदारी यह दर्शाती है कि भारत में शीतकालीन खेलों के प्रति रुचि लगातार बढ़ रही है।

उन्होंने हिमाद्री आइस रिंक के पुनर्निर्माण को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह भारत का एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर का आइस स्केटिंग रिंक है, जो उत्तराखंड को "खेल भूमि" के रूप में नई पहचान दिलाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने इसे युवाओं के लिए "गेटवे ऑफ अपॉर्च्युनिटीज़" करार देते हुए कहा कि यह मंच नए अवसरों के द्वार खोलेगा और राज्य को शीतकालीन खेलों का हब बनाने में मदद करेगा।

**बैठक**

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने न्यायालयों में लंबित सरकारी मामलों की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने के लिए विभाग, शासन और सरकारी अधिवक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया है। सचिवालय में आयोजित बैठक में उन्होंने इस दिशा में ठोस प्रणाली और तंत्र विकसित करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि जिन विभागों के अधिक मामले अदालतों में लंबित हैं, उनमें शासन और अधिवक्ताओं के बीच समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नामित किए जाएं। इससे किसी भी मामले से संबंधित जानकारी या चर्चा के लिए उचित संपर्क अधिकारी की स्पष्ट पहचान हो सकेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि न्यायालयों में भेजे जाने वाले मामलों में संबंधित विभाग को ही पक्ष बनाया जाए, ताकि अनावश्यक देरी से बचा जा सके। साथ ही बड़े और महत्वपूर्ण मामलों में शीघ्र निस्तारण के लिए मजबूत और संगठित पैरवी करने के निर्देश दिये गये।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–**

- राज्य के विभिन्न हिस्सों में कल रात से मध्यम से तेज बारिश का दौर जारी, देहरादून, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, नैनीताल, चम्पावत और उधमसिंह नगर में आज और कल भारी बारिश का रेड अलर्ट।
- बाढ़ और जलभराव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर, नैनीताल और चम्पावत में कल मॉक ड्रिल कराई जाएगी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

- **और,** उत्तराखंड के पहले खेल विश्वविद्यालय मानसखंड स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में पहले वर्ष छह करियर उन्मुख कोर्स संचालित किये जाएंगे।